विधान परिषद चुनाव की मतगणना को लेकर कंट्रोल रूम का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

दरभंगा (आससे)। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। मतगणना कार्य को पारदर्शी, सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने खेल भवन के बाहर मतगणना के सफल संचालन एवं आवश्यक समन्वय के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही वहां प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की उपस्थिति और कार्य संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने पदाधिकारियों के बीच समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के महत्व पर जोर दिया।

मतगणना प्रक्रिया के दौरान कंट्रोल रूम से विभिन्न गतिविधियों की निगरानी और संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

जिलों में किसान क्लब की स्थापना

मधुबनी(आससे)। किसान क्लब प्रोजेक्ट के तहत जनता संघ सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा पूरे बिहार में किसान क्लब की स्थापना की जा रही है इसके तहत मधुबनी सहित बिहार के सभी अन्य सभी जिलों में भी जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक समन्वयक बनाए जा रहे हैं इसी कड़ी में सारण जिला के लिए परियोजना समन्वयक दीपक कुमार राम, मोतिहारी जिला के पकड़ीदयाल प्रखंड में क्षेत्रीय समन्वयक रानी कुमारी व अखल जिला के अखल प्रखंड में क्षेत्रीय परियोजना समन्वयक रोशिला देवी को बनाया गया है।

मारपीट एवं छिनतई के आरोप के तहत काउंटर केस दर्ज

जाले (दरभंगा)(आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के कमतौल गांव में आपसी विवाद को लेकर बीते गुरुवार को हुई झड़प एवं मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है । दोनों मामले की तहकीकात एसआई नीरज कुमार सिंह कर रहे है। पहली प्राथमिकी स्थानीय मदन मोहन ठाकुर की पत्नी अंबाला देवी ने अपने ग्रामीणों राघव ठाकुर,रजन ठाकुर समेत आठ नामजदों ने बीते गुरुवार के अपराह्न 4 बजे उपद्रव एवं मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए सोने का मंगलसूत्र,सोने की चेन एवं एक लाख पैंतीस हजार रुपए छीन ने का आरोप लगाया है। वही दूसरी प्राथमिकी स्थानीय बिसंभर चौधरी के पुत्र सुधांशु शेखर ने भी इसी गांव के मदन मोहन ठाकुर ,शिवम ठाकुर समेत पांच नामजदों ने बीते गुरुवार के पूर्वाह्न में उपद्रव एवं मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए सोने की चेन एवं मोबाइल फोन छीन लेने का आरोप लगाया है।

आज से भाजपा चलायेगी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान

लोकतंत्र 140 करोड़ देशवासियों के फैसले से चलता है : सांसद

दरभंगा (आससे)। भाजपा के आगामी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की तैयारी को लेकर दरभंगा क्लब में जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। इसमें 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जिलेभर में अभियान चलाने की रणनीति बनाई गई।



बैठक को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अपनी नाकामियों का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ना बंद करें।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर लोकतंत्र पर सवाल नहीं उठे, लेकिन हारने पर ईवीएम, चुनाव आयोग और मतदाता सूची को कठघरे में खड़ा किया जाता है। लोकतंत्र किसी परिवार की सुविधा से नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के फैसले से चलता है।

मखाना महोत्सव में किसानों व उद्यमियों को किया सम्मानित, पलायन रोकने पर जोर

मिथिला की आर्थिक समृद्धि का आधार है मखाना : सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा(आससे)। शरद पूर्णिमा एवं कोजागरा पूजा के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में राष्ट्रीय मखाना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर मुख्य अतिथि तथा संस्थान के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले अध्यक्ष थे। महोत्सव का उद्देश्य मखाना क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता, मूल्य संवर्धन, विपणन और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना था। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि मखाना मिथिला की आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। इसके उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा तथा श्रमिकों के पलायन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से मिथिला का मखाना वैश्विक पहचान बना रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं।



डकैती की बड़ी वारदातों को अंजाम देने की थी तैयारी

पुलिस ने अंतरजिला गिरोह के पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार

समस्तीपुर (आससे)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में दुधपुरा जेल के पीछे 24 अक्टूबर को की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस, चार मोबाइल और 32 हजार 400 रुपए नकद बरामद किया है। हालांकि, पुलिस की घेराबंदी के दौरान अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर चार अन्य अपराधी फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हसनपुर थाना क्षेत्र के भटवन निवासी दीपक कुमार उर्फ डॉक्टर, दलसिंहसराय बसढ़िया के चंदन कुमार उर्फ दीपक, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चकनूर धरमपुर के मो. रहमतुल्ला उर्फ साहेब और रामपुर दुधपुरा के राहुल कुमार एवं वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र हसनपुर ओस्ती के मो. तालिब के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों का गिरोह वैशाली जिले के महुआ में डकैती की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था।

इसके अलावा, ताजपुर थाना क्षेत्र में एक घर में डकैती की योजना भी बनाई गई थी। गिरोह ने वैशाली जिले में एक पोस्ट ऑफिस को लूटने का असफल प्रयास भी किया था। सदर एसडीपीओ-1 सतीश सुमन ने बताया कि छापेमारी के दौरान फरार हुए चार अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी समस्तीपुर और वैशाली जिले के विभिन्न थानों से जुटाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि संयुक्त अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों को एसपी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, दीपक कुमार उर्फ डॉक्टर के खिलाफ समस्तीपुर और वैशाली के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, अपहरण, नक्सली और आर्म्स एक्ट समेत करीब सात संगीन मामले दर्ज हैं।

चंदन कुमार उर्फ दीपक के खिलाफ दलसिंहसराय, उजियारपुर, सरायरंजन और विभूतिपुर थानों में लूट, रंगदारी, छिनतई और आर्म्स एक्ट समेत नौ से अधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी गई है। मो. रहमतुल्ला उर्फ साहेब के खिलाफ नगर थाना में आर्म्स एक्ट और चोरी से संबंधित मामले दर्ज हैं।

मो. तालिब के खिलाफ महुआ थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जबकि राहुल कुमार के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में पॉक्सो एक्ट और छेड़खानी से संबंधित मामला दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

तालाब में लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

मनीगाछी ((आससे)। नेहरा थाना क्षेत्र के राघोपुर पश्चिमी पंचायत स्थित कायस्थ कबई गाँव के बासुदास पोखर में रविवार की सुबह एक पुरूष की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लाश ज्यादा दिनों के होने के कारण उससे दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नेहरा थाना को दिया। नेहरा थानाध्यक्ष मोती कुमार ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दिया। लाश को देखने से लग रहा था कि तीन चार दिन पहले की घटना होगी।क्योंकि लाश पूरी तरह सूज कर फूल गया था।जिसके कारण पहचान में नहीं आ रही थी। साथ ही लाश से काफी दुर्गंध आ रही थी। घटनास्थल पर बेनीपुर एसडीपीओ बासुकीनाथ झा पहुंच कर मुआयना किया और तत्काल पहचान नहीं होने पर अज्ञात कर इसे पोस्टमार्टम कराने के साथ ही डी एन ए जाँच भी कराने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह डूबने से मरने की बात सामने आ रही है।क्योंकि तालाब के घाट पर एक जोड़ी चप्पल, एक हाफ पेंट एवं एक गोल गला का टीशर्ट बरामद हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोती कुमार ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा गया है।जहाँ कायस्थ कबई गाँव की ही एक महिला अरहुलिया देवी कपड़ें एवं चप्पल से अपने पति अशोक नोनियां पिता बिलट नोनियां के रूप में लाश का पहचान किया है। महिला ने बताई कि मेरा पति तीन दिनों से गायब था। जिसका खोजबीन कर रहे थे। उनमें हल्का विक्षिप्तता का लक्षण था। हो सकता है स्नान करने गये हो और उसी वक्त डूब गया हो। तालाब एकान्त गाछी में है। इसलिए किसी का नजर नहीं पड़ा हो।



बच्ची के वाया नदी में डूबने की आशंका, खोज जारी

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। प्रखंड क्षेत्र के अदलपुर में एक बच्ची वाया नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में चली गयी। जिससे उसके डूबने की आशंका जताई जा रही है। बच्ची की पहचान स्थानीय अदलपुर निवासी चंदन चौधरी की पुत्री सुप्रिया कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है की नदी किनारे जिओ बैग (बांध कि सुरक्षा) रखा गया था जिस पर पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। स्थानीय गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश जारी है। समाचार भेजे जाने तक उसकी खोज नहीं की जा सकी है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। वहीं स्थानीय विधायक प्रतिनिधि रवीश कुमार सिंह गोताखोर एवं एसडीआरएफ की मदद से उसकी खोजबीन में लगे हैं।

कवियों की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया भाव विभोर

रोसड़ा (आससे)। रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में सुपर स्टार क्लब व मिथिला मंडन मंच के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार आयोजित कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्शकों ने जमकर आनंद लिया । वे रह- रहकर तालियों के साथ झुमते नजर आये । कवियों एवं रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक की प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव विभोर कर रखा था । कार्यक्रम का

उद्घाटन रोसड़ा नप के सभापति मीरा सिंह, अवर निबंधक डॉ. भास्कर ज्योति , सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. महेश कुमार लखोटिया ,रोसड़ा चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लखोटिया , वार्ड पार्षद सह पूर्व सभापति श्याम बाबू सिंह, बिहार प्रदेश भाजपा नगर निकाय के क्षेत्रीय प्रभारी अमर प्रताप सिंह, मुन्ना मिश्र तथा पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल राय धीरु , रिभा देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अवर निबंधक डॉ. भास्कर ज्योति ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु साहित्य और सांस्कृतिक आयोजन पर बल दिया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में कवियों एवं रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक हिन्दी व मैथिली कविताओं एवं रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया । मंच संचालन करते हुए आचार्य विजय व्रत कंठ ने अहीं के नाम ल माता कि हम जिंनगी बितायब छी, दियो अब ध्यान हे माता कि हम विनती सुनायब छी के सस्वर पाठ से वातावरण भक्तिमय हो चला था । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रवीण कुमार ने नील कंठ केर नील गगन में परसल पांखि सं जतरा आइ आयल छी की प्रस्तुति श्रोताओं को भाव विभोर कर रखा था ।

कवि त्रिलोक नाथ ठाकुर ने शरद केर आंगन में भगवती केर आगमन से मां का गुणगान किया। जबकि कवित्री शेफालिका झा ने एलय कोजगरा का गायन कर मिथिला की पावन परंपरा का बखान किया।

इसके अलावे कविता पाठ में हिस्सा लेने वाले प्रमुख कवियों में अमित मिश्र, कैलाश पोद्दार , तृप्ति नारा यण झा, मनोज कुमार झा शशि, रामस्वरूप सहनी रोसड़ाई , चंद्र भूषण कुमार, पंकज पाण्डेय, चंद्र भूषण कुमार, संतोष कुमार राय, सत्यनारायण यादव, सुरेश कुमार 'सुनील' के अलावे संजय मिश्रा ने बांसुरी वादन से कार्यक्रम को काफी रोचक बनाया । नीतू कुमारी, शिवांगी, आशा और शिवानी के भजन को नेताओं ने काफी सराहा।

रंगारंग कार्यक्रम में डॉली, नीतू, श्यामली, पीहू, मुस्कान, रोशनी, काजल, मौसम, स्नेहा, आरती, पीयूषी, प्रतिमा, राजनंदनी, तान्या, माही, ऋषेष और गोलू के भाव नृत्य ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आगत अतिथियों और कवियों का सम्मान मिथिला के परंपरा के मुताबिक पाग - चादर, माला एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र और मेडल भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

जाले (दरभंगा) (आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के कमतौल स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाटा ऑपरेटर एवं समस्तीपुर जिला अंतर्गत पूसा थाना क्षेत्र के विष्णुपुर बथुआ गांव निवासी योगेंद्र साह के पुत्र चंदन कुमार ने कमतौल थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि बीते 23 अक्टूबर 2026 को अस्पताल परिसर में खड़ी इनकी हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल बीआर06 बीएक्स 1680 को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिय।मामले की तहकीकात पीएसआई महेश कुमार कर रहे है।

विप चुनाव मतगणना को लेकर 200 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से होगी मतगणना विजय जुलूस और ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

दरभंगा (आससे)। बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 27 अक्टूबर को खेल भवन-सह-व्यायामशाला, लहेरियासराय स्थित मतगणना केंद्र में सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी कौशल कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। आदेश के अनुसार, 27 अक्टूबर को सुबह छह बजे से मतगणना समाप्त होने तक केंद्र के चारों ओर 200 गज की परिधि में अनावश्यक भीड़ लगाने और मजमा बनाने पर प्रतिबंध रहेगा। अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, लाठी, भाला, चाकू एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर चलने, जुलूस निकालने तथा धरना-प्रदर्शन करने पर भी रोक रहेगी।

लोकतंत्र बचाओ आरजकता हटाओं अभियान को लेकर भाजपा जिला समस्तीपुर की बैठक संपन्न

समस्तीपुर (आससे)। भाजपा जिला समस्तीपुर का बैठक भाजपा 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ आरजकता हटाओं अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आह्वान पर अभियान को लेकर बैठक भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा के अध्यक्षता, भाजपा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह के संचालन में भाजपा जिला कार्यालय समस्तीपुर में संपन्न हुआ।बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री डाक्टर रागिनी ने कांग्रेस सहित अन्य विरोधी दल के द्वारा झूठ के प्रोपेगैंडा पर भारत लोकतांत्रिक संवैधानिक संस्था को बदनाम कर देश में अराजकता पैदा करने के भारत दुश्मन विदेशी शक्तियों के सहयोग से अराजकता पैदा करना चाहते है, लोगों को जागरूक कर के भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के भाजपा के अभियान को व्यापक रूप से जिला में चलाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद ने कार्यकर्ताओं से अभियान शामिल होकर विरोधी दल के झूठे नेरिटिव पर आरजकता फैलाने मंसूबे को बेनकाब करने का आह्वान किया। बैठक में संजीव साह,प्रो विजय कुमार शर्मा, विमला सिंह ललन सिंह, बैधनाथ झा, सुनील राय सतवंत चौधरी, चेतना झाम,अनिल सिंह जितेंद्र चौहान, कपिल देव चौधरी मधुवाला, मनोरंजन मोदीन,अनीता साह,जगदेव राम, विमल कुमार गोलू,अमरेश साह, पिंकी सिंह,अंजू कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, राजीव सुर्यवंशी,उदय चौधरी, सुशील चौबे, संजीव राय,दिपक महराज,संजू सोनी, सुमन गिरी, दीपक सत्यार्थी, सुरेश साह सहित अन्य लोग शामिल थे।



एशियाई टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में बिहार के तीन खिलाड़ियों को मौका, दरभंगा के जावेद अनवर बने भारतीय टीम के कोच

दरभंगा (आससे)। चेन्नई में आयोजित होने वाली एशियाई जूनियर एवं सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में बिहार के खिलाड़ियों को जगह मिली है। सीनियर पुरुष टीम में हाजीपुर के राय प्रिंस, जूनियर टीम में दरभंगा दिल्ली के वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अभिनव कुमार सिंह तथा महिला सीनियर टीम में पटना की दीक्षा सिंह का चयन हुआ है। दीक्षा को टीम में विकेटकीपर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दरभंगा निवासी जावेद अनवर को कोच नियुक्त किया गया है। बिहार के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को भारतीय टीम में जगह मिलने से खेल प्रेमियों में उत्साह है। उल्लेखनीय है कि पहली बार भारत में एशियाई टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एशिया के 12 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।



राजे एवं चनौर पंचायत में विकास दिवस पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

आवास, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समस्याओं पर ग्रामीणों से किया संवाद

मनीगाछी (दरभंगा) (आससे)। प्रखंड की राजे एवं चनौर पंचायत में रविवार को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बीडीओ संदीप कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायत की विकास योजनाओं के साथ आवास योजना, स्वच्छता और शौचालय निर्माण पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को हो रही समस्याओं की जानकारी भी ली गई।



बीडीओ ने संबंधित समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने तथा पंचायती राज संस्थाओं और सभी हितधारकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित किया जाता है।

इसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को समझने, विकास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा करने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

जयनगर में 16 लाख का पटाखा जब्त, हड़कंप

डीएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर हुयी छापेमारी

जयनगर (मधुबनी)(संसू)। जयनगर बाजार के शहीद चौक निकट पटाखे के अवैध कारोबारी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सुचना पर एक कारोबारी के घर रूपी दुकान व गोदाम लाखो का पटाखा जब्त किया। घंटो चली छापेमारी में करीब 60 से अधिक बड़े व छोटे काटून में विभिन्न रूप के पटाखे जब्त किया गया है। छापेमारी शहीद चौक स्थित राजाबाबू गली में हुयी है। इधर छापेमारी से इस कारोबार से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप देखी जा रही है। डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना पर शनिवार को घर रूपी दुकान व गोदाम में छापेमारी किया गया। जहां से करीब 60 काटून पटाखा बरामद हुआ है। हालांकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। जब्त पटाखे की एमआरपी कीमत करीब 15 लाख है। छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर मोनिका कुमारी,सुनंदा कुमारी समेत पुलिस दल शामिल थे। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।



रोसड़ा में आरएसएस का पथ संचलन

स्वयंसेवकों के चेहरे पर दिख रहा था राष्ट्रभक्ति का जज्बा

रोसड़ा (आससे)। संघ शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर रोसड़ा नगर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में भव्य एवं आकर्षक पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने घोष धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे । इन सबों के चेहरे पर राष्ट्रभक्ति का जज्बा झलक रहा था।

इसे देखने को लेकर सड़क के दोनों ओर लोग खड़े थे। घरों एवं दुकानों के छतों पर खड़े लोग फुल बरसा कर भारत माता की जय .. का जयघोष करते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। पथ संचलन का शुभारंभ चित्तर पंजियार मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ जो शहर के पुरानी चौक , बड़ी दुर्गा स्थान, अबेडकर चौक, टावर चौक, गुदरी बाजार समेत प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए संघ स्थान पहुंचा। इस दौरान संपूर्ण मार्गों पर अनुशासन, उत्साह और राष्ट्र भक्ति का नजारा बड़ा हीं मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था । इसके पूर्व चित्तर पंजियार मंदिर परिसर में बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित की गयी । जिसमें वक्ताओं ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक (शताब्दी वर्ष) पर विस्तृत जानकारी दी ।



पथ संचलन में मुख्य शिक्षक डॉ. शिवव्रत महतो , विधायक वीरेंद्र कुमार, रामबाबू सिंह , चंदन कुमार उर्फ गोपी जी , सैनिक स्कूल बट्टहा के प्रधानाचार्य रामचंद्र मंडल , खंड संघ चालक सतीश चंद्र चौधरी ,नगर संघ चालक भोला नाथ साह , जय प्रकाश वर्मा , विकास कुंवर , जय प्रकाश लाल , नितेश कुमार सर्राफ, जय प्रकाश लाल समेत सैकड़ों स्वयं सेवकों की भागीदारी रही।

सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने काम रुकवाया

बिना नापी-जोखी के निर्माण और बिजली पोल नहीं हटाने पर जताया विरोध

जाले (दरभंगा)(आससे)। जाले प्रखंड के नरौछ चौक से कछुआ स्थित राम-जानकी मंदिर तक बन रही सड़क के निर्माण में कथित अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को विरोध जताते हुए काम रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। बिना नापी-जोखी के निर्माण, सड़क की कम चौड़ाई, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और रोलर चलाने जैसी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए गए हैं। स्थानीय ग्रामीण दीप नारायण मिश्र ने कहा कि निर्माण कार्य टेंडर, प्राक्कलन और पीडब्ल्यूडी के मानकों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क के बीच आने वाले बिजली के पोल नहीं हटाए गए हैं। वहीं, नल-जल योजना की पाइप भी कई जगह उखाड़कर फेंक दी गई है। मुखिया सुशील मिश्र ने बताया कि अंसारी चौक से खादी भंडार तक सड़क की स्थिति बदतर है। जलजमाव से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।